# FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S.)
**(प्रथम सूचना रिपोर्ट )**
( धारा 173 बी. एन. एस. एस. के अन्तर्गत)

1. **District (जिला):** JAISALMER **P.S. (थाना):** JAISALMER **Year (वर्ष):** 2026

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0136 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 08/07/2026 14:06 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 | 3 |
| 2 | राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 | 10(1) |
| 3 | राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 | 10(2) |
| 4 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 318(4) |
| 5 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 61(2) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** रविवार **Date From (दिनांक से):** 05/07/2026 **Date To (दिनांक तक):** 05/07/2026

**Time Period (समय अवधि):** पहर 6 **Time From (समय से):** 15:09 बजे **Time To (समय तक):** 15:58 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई)** **Date (दिनांक):** 08/07/2026 **Time (समय):** 13:42 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 033 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 08/07/2026 13:42:00 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1 (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** उत्तर - पश्चिम, 4.32 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** वार्ड संख्या 01

(b)**Address(पता):** SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS,, SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL, RAMGARH ROAD, JAISALMER

(c)**In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

Name of P.S (थाना का नाम):

District(State) (जिला (राज्य) ):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name(नाम): MAHESH KUMAR BISSA

(b) Father's Name (पिता का नाम): KANHAIYA LAL BISSA

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष): 1972

(d)Nationality(राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No(यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की तिथि):

Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण ( राशन कार्ड,मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. (क्र.सं.) | Id Type (पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number (पहचान सं.) |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address(पता):

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | MUKHAY JILA SHIKSHA ADHIKARI, JAISALMER, JAISALMER, JAISALMER, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | NAVKHUNIYA, GANDHI COLONI, JAISALMER, JAISALMER, RAJASTHAN, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष न.):

Mobile (मोबाइल न.): 91-9414319964

7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MANU KANWAR | | | 1. JAISALMER,JAISALMER,JAISALMER,RAJASTHAN,INDIA |
| 2 | UMMED SINGH RATHORE | | | 1. SWAMI VIVEKANANDA GOVT. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | MODEL,PRINCIPAL,SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS,,RAMGARH ROAD, JAISALMER,JAISALMER,JAISALMER,RAJASTHAN,INDIA |
| 3 | PADAM SINGH | | | 1. LECTURER,RA BA U MA SCHOOL,JAISALMER,JAISALMER,JAISALMER,RAJASTHAN,INDIA |
| 4 | BHIM SINGH | | | 1. RAJAKIYA PTRATHMIK SCHOOL,SOHAN SINGH KI DHANI,JAISALMER,JAISALMER,RAJASTHAN,IN |
| 5 | JALAM SINGH | | | 1. RA U MA SCHOOL,KANOD,MOHANGARH,JAISALMER,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)**
**(सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

राजस्थान सरकार
कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जैसलमेर
क्रमांकः-सीडीईओ/परीक्षा/2026/462 दिनांक 8-7-26
प्रेषितः
थानाधिकारी

पुलिस थाना कोतवाली
जैसलमेर।
विषयः दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-।।/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 हेतु गठित समिति की जांच रिपोर्ट अनुसार आरोपी कार्मिकों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के संबंध में।
संदर्भः श्रीमान जिला कलक्टर महोदय जैसलमेर का पत्र क्रमांकः कार्मिकः-/परीक्षा/2026/8847 दिनांक 07.07.2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न प्रेषित कर अनुरोध है कि दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-।।/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षा केन्द्र 18006- SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS RAMGARH ROAD, JAISALMER में अभ्यर्थियो की प्राप्त शिकायत के संबंध में प्राप्त प्रकरण की जांच रिपोर्ट अनुसार महिला अभ्यर्थी मनु कंवर रोल न. 1775156, श्री उम्मेदसिंह राठौड़, प्रधानाध्यापक स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, रामगढ़ रोड़, जैसलमेर (केन्द्राधीक्षक), श्री पदमसिंह वरिष्ठ अध्यापक राबाउमावि जैसमलेर (रिलीवर), श्री भीमसिंह राप्रावि सोहनसिंह की ढाणी (वीक्षक), श्री जालमसिंह अध्यापक राउमावि काणोद एवं के विरुद्ध सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 एवं संशोधन अधिनियम 2023 के समीचीन विधिक प्रावधानों के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायें ।

संलग्न उपर्युक्तानुसार। 01॰ मूल जांच फाईल
02॰ परीक्षा केन्द्र 18006 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल जैसलमेर की भगवती एंटर प्राईजेज से प्राप्त विडियोग्राफी की पेन ड्राईव (1)
03॰ प्रभारी रील से प्राप्त उक्त परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी रिकॉर्डिंग मय पेन ड्राईव(1)

एसडी महेश बिस्सा
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
जैसलमेर

क्रमांकः-सीडीईओ/परीक्षा/2026/ दिनांक-
प्रेषितः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-
1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, जैसलमेर।
2. श्रीमान निदेशक माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर
3. श्रीमान जिला पुलिस अधीक्षक महोदय, जैसलमेर।
4. श्रीमान जिला समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय, जैसलमेर।

एसडी महेश बिस्सा
08-07-26
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
जैसलमेर

राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला कलक्टर, जैसलमेर
क्रमांकः कार्मिक/2026/8847 दिनांक- 07/07/2006
प्रेषितः-
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (सदस्य सचिव)
जैसलमेर।
विषयः- दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-।।/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 हेतु गठित समिति की जाच रिपोर्ट अनुसार कार्यवाही किए जाने बाबत।
संदर्भः- उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर के पत्र क्रमांक/कार्मिक/जांच/2026/1203 दिनांक 07.07.2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के आदेश क्रमांक राजकाज रेफ. 232250989 दिनांक 06.07.2026 द्वारा दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-।।/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षा केन्द्र 18006- SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS RAMGARH ROAD, JAISALMER में अभ्यर्थियो की प्राप्त शिकायत के संबंध में समिति का गठन कर आपको उक्त समिति में सदस्य सचिव मनोनीत किया गया है।
प्रकरण में उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर के पत्र क्रमांक/कार्मिक/जांच/2026/1203 दिनांक 07.07.2026 (प्रति संलग्न) के संलग्न जांच रिपोर्ट प्रेषित कर लेख है कि प्रकरण में प्राप्त जांच रिपोर्ट अनुसार महिला अभ्यर्थी मनु कंवर रोल न. 177516, श्री पदमसिंह वरिष्ठ अध्यापक राबाउमावि जैसनलेर (रिलीवर), श्री भीमसिंह राप्रावि सोहनसिंह की ढाणी(वीक्षक), जालमसिंह अध्यापक राउमावि काणोद एवं श्री उम्मेद सिंह राठौड प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल जैसलमेर के विरुद्ध सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम 2022 एवं संशोधन अधिनियम 2023 के समीचीन विधिक प्रावधानों के अन्तर्गत संबंधित पुलिस थाना में प्रकरण दर्ज करवाकर आवश्यक समस्त कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करावे। संलग्न उपर्युक्तानुसार।

एसडी अनुपमा जोरवाल 07-07-2026
(अनुपमा जोरवाल) जिला कलक्टर, जैसलमेर

क्रमांकः-कार्मिक/2026/8848-51 दिनांक- 07/07/2026

प्रेषितः- 1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी बोर्ड जयपुर।
2. निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर को प्रेषित कर अनुरोध है कि प्रकरण में संबंधित अधिकारियों/कार्मिको के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत कराये जाने का श्रम करावे।
3. निजी सहायक जिला कलक्टर एवं अति जिला कलक्टर जैसलमेर।

एसडी अनुपमा जोरवाल 07-07-2026
जिला कलक्टर, जैसलमेर

राजस्थान सरकार
कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर

क्रमांकः कार्मिक/जांच/2026/1203 दिनांक-- 07.07.2026

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय
जैसलमेर

विषयः राजस्थान कर्मचारी चयन बार्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 05.07.2026 (रविवार) की आयोजित लिपिक ग्रेड-॥/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच कर जांच रिपोर्ट भिजवाने के संबंध में।

संदर्भः श्रीमान जी का आदेश क्रमांकः-कार्मिक/2025/ राजकाज रेफ. नं. 23250989 दिनांक 06.07.2026 एवं पत्रांक 8846 दिनांक 07.07.2026

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित आदेश के द्वारा गठित जांच कमेटी द्वारा राजस्थान कर्मचारी चयन बा◌ेर्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-॥/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षा केन्द्र 18006- SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS, RAMGARH ROAD, JAISALMER में द्वितीय पारी के दौरान प्रश्न पत्र को परीक्षा केन्द्र से बाहर ले जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत की प्रभारी अधिकारी रील जयपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई रील/वीडियों एवं प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों के अवलोकन उपरान्त जांच की गई।

अतः जांच कमेटी द्वारा की गई जांच का प्रतिवेदन एवं इस कार्यालय को संदर्भित पत्र दिनांक 07.07.2026 के द्वारा उपलब्ध करवाई गई प्रकरण की मूल पत्रावली एवं परीक्षा केन्द्र 18006-SWAMI

VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS, RAMGARH ROAD, JAISALMER की भगवती एन्टरप्राईजेज से प्राप्त वीडियोग्राफी पेन ड्राईव व प्रभारी रील से प्राप्त उक्त परीक्षा केन्द्र की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग पेन ड्राईव इस पत्र के संलग्न अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
संलग्नः उपरोक्तानुसार।
भवदीय
एसडी एसडीएम 07.07.26
उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर

जांच प्रतिवेदन
श्रीमान सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बार्ड, जयपुर के पत्र क्रमांक प.8(163) /प.आ./लि.ग्रे.।।/कनि.सहा.स. सी.भ.परीक्षा/2026 राजकाज रेफ. 23243233 दिनांक 06.07.2026 के क्रम में दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-ाा/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षा केन्द्र 18006-SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS, RAMGARH ROAD, JAISALMER में अभ्यर्थियों की प्राप्त शिकायत के संबंध में श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय जैसलमेर के आदेश क्रमांकः-कार्मिक/2025/राजकाज रेफ. नं. 23250989 दिनांक 06.07.2026 द्वारा निम्नानुसार जांच समिति का गठन किया गया है -
1 उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर, अध्यक्ष
2 मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जैसलमेर, सदस्य
3 उप अधीक्षक पुलिस वृत जैसलमेर, सदस्य
उक्त गठित जांच समिति द्वारा अभ्यर्थियों की प्राप्त शिकायत के संबंध में श्रीमान् जिला समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय जैसलमेर के पत्र क्रमांकः-कार्मिक/2026/8846 दिनांक 07.07.2026 के द्वारा प्रकरण से संबंधित मूल पत्रावली, परीक्षा केन्द्र 18006- SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS, RAMGARH ROAD, JAISALMER की भगवती एन्टरप्राईजेज से प्राप्त वीडियोग्राफी पेन ड्राईव, प्रभारी रील से प्राप्त उक्त परीक्षा केन्द्र की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग पेन ड्राईव एवं उक्त परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त किये गये वीक्षकों के नियुक्ति आदेश की छाया प्रति का अवलोकन किया गया। उक्त उपलब्ध करवाये गये दस्तावेजों, बयानों, इलेक्ट्रोनिक सबूतो एवं अन्य सामग्री का अवलोकन उपरान्त उक्त प्रकरण में बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन निम्नानुसार है-

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बाेर्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-ाा/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षा केन्द्र 18006- SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS, RAMGARH ROAD, JAISALMER में द्वितीय पारी के दौरान उक्त परीक्षा हेतु गठित उड़न दस्ता/सतर्कता दल सायं 05.10 बजे परीक्षा केन्द्र पर पहुॅचा। प्रभारी अधिकारी सतर्कता दल व अन्य द्वारा अवगत करवाया गया कि आज दिनांक 05.07.2026 को कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा 2026 के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल (केन्द्र कोड 18006) जैसलमेर में द्वितीय पारी में सतर्कता दल के रूप में लगभग 05 बजे केन्द्र के निरीक्षण के समय कक्ष संख्या-1 का निरीक्षण करके कक्ष संख्या 2 की ओर जा रहे थे, उसी दरम्यान एक परीक्षार्थी दौड़ता हुआ सतर्कता दल के पास आया ओर उसने बताया कि कक्ष संख्या-10 से एक अध्यापक, एक परीक्षार्थी का पेपर कक्ष से बाहर लेकर चला गया था, जिस पर सतर्कता दल तुरंत कक्ष संख्या 10 में पहुॅचा एवं जिस परीक्षार्थी का पेपर कक्षा से बाहर ले जाना बताया उसका रोल नं. 1775156 एवं नाम मनू कंवर होना पाया गया। परीक्षार्थी का परीक्षा पेपर एवं ओ.एम.आर. दौराने निरीक्षण परीक्षार्थी स्वयं के पास होना पायी गयी। कक्षा में छात्रों/परीक्षार्थियों ने पूछने पर बताया कि कुछ समय पहले रिलीवर पदमसिंह द्वारा मनु कंवर का पेपर कक्ष से बाहर लेकर जाना एवं परीक्षार्थियों के शोर शराबा करने के पश्चात पुनः वापिस देना बताया।
कक्षा में उपस्थित वीक्षकों भीमसिंह एवं जालमसिंह ने पूछताछ करने पर परीक्षा कक्ष से बाहर पदमसिंह द्वारा ले जाने के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की, साथ ही उपस्थित केन्द्राधीक्षक उम्मेदसिंह राठौड़ ने बताया कि

लगभग 04.00 बजे शोर शराबा होने पर वो कक्ष संख्या 10 में पहुॅचा था जहां छात्रों ने बताया कि रोल नं. 1775156 का पेपर कक्ष से बाहर गया है परन्तु मेरे द्वारा निरीक्षण करने पर पेपर परीक्षार्थी के पास ही पाया गया था। इस संबंध में श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर जैसलमेर एवं नियंत्रण कक्ष जैसलमेर को अवगत करवाया गया। शिकायतकर्ता परीक्षार्थियों के रोल नं. 1775155, 1775162, 1775161 व 177510 थे।

2. उक्त शिकायत के संबंध में श्रीमान अतिरिक्त जिला कलक्टर जैसलमेर एवं नोडल अधिकारी परीक्षा के समक्ष कक्ष संख्या 10 के अभ्यर्थियों/शिकायतकर्ताओं द्वारा दर्ज कराए गए बयानों का भी अवलोकन किया गया, जो निम्नानुसार है-

1. परीक्षार्थी तरूणा खत्री रोल नं. 1775612- रोल न. 1775156 का पेपर एक सर फाइल में डाल के लेके गए मेने उस लड़की को भी पूछा कि पेपर कहॉ ले गए उसे नहीं पता था दूसरे ड्यूटी वाले सर को बोला कि पेपर बाहर कैसे गया तो कि तुझे भी बता देगे। 5 मिनिट पेपर बाहर रहा फिर हम सबके कहने पर पेपर वापस आया हमें दिखाया कि कुछ नहीं किया पर पेपर तो बाहर गया 2॰ ड्यूटी वाले सर थे फिर भी बस मैं इतना ही कहना चाहती हूॅ नकल हुई है ये गलत है।

2. परीक्षार्थी देदाराम रोल नं. 1775150 - मैं देदाराम रोल नं. 1775150 हूॅ, मैं लिपिक ग्रेड-।। परीक्षा देने हेतू आया हूॅ आज दिनांक 05.07.2026 को परीक्षा काल के दौरान हमारे परीक्षा कक्ष में से एक छात्रा का पेपर को चोरी छुपे परीक्षा हॉल से बाहर ले जाया गया है, और पेपर को 05-10 मिनट बाद वापस लाया गया और हमारा संदेह है कि छात्रा को नकल करवाने की कोशिश की गई है। और वीक्षक के द्वारा अपराधी के खिलाफ नहीं करने का कहा गया है इसलिए हम सभी ने प्रशासन से शिकायत की।

3. परीक्षार्थी जेठाराम रोल नं. 1775154- रूम नम्बर 10 से पदमसिंह राठौड़ सर ने एक छात्रा का पेपर से नकल कर के वापस दिया जिस समय कक्षा में भीमसिंह व जालिम सिंह की ड्यटी थी। उन दोनों को पता था कि पेपर बाहर गया है फिर भी एक छात्रा के कहने पर भी उस छात्रा को बोल रहे है कि तुम शोर मत करो। पेपर बाहर से विद्यार्थी के कहने पर लगभग 5 मिनट बाद में अन्दर लाते है फिर पदमसिंह खुद को निर्दोष बताने के लिए खुद कक्षा में आता है कहता है कि मैंने कुछ नहीं किया। जिसमें पदमसिंह सर भीमसिंह व जालिम सिंह शामिल हैं।

4. परीक्षार्थी योगेन्द्रसिंह रोल नं. 1775150 - मैं योगेन्द्र सिंह रोल नं. 1775150 दिनांक 05.07.2026 को एलडीसी भर्ती परीक्षा में उपस्थित हुआ एवं कमरे के अन्दर नकल करवाते हुए अध्यापकों को मना किया तथा अध्यापकों के द्वारा हमको बोला गया यह हमारे अधिकार में नहीं है। पेपर कमरे के अन्दर से फाइल के अन्तर्गत कक्ष से बाहर गया एवं 7-8 मिनट पश्चात पेपर को वापिस फाइल के अन्तर्गत लाया गया एव परीक्षार्थी को पुनः दिया गया यह समस्त प्रक्रिया के अन्तर्गत 3 अध्यापक 1. जालमसिंह, 2. भीमसिंह, 3. पदमसिंह, शामिल थे।

5. परीक्षार्थी सत्यनारायण रोल नं. 1775155- मेरा नाम सत्यनारायण रोल न. 1775155 है आज तारीख 05.07.2026 को हमारे रूम में एक प्रअध्यापक द्वारा किसी विद्यार्थी का पेपर बाहर ले जाया गया, हमने देखते ही शिकायत की, लेकिन जिनकी ड्यूटी लगी थी उन्होंने कुछ नहीं बोला। कहा हमारे हाथ में नहीं है, किसी का पेपर लेना, फिर जब चैकिंग आयी तब हमने शिकायत की।

6. छात्रों द्वारा आरोप लगाये गये वीक्षकों 1. जालमसिंह, 2. भीमसिंह, 3. पदमसिंह एवं संदिग्ध परीक्षार्थी मनु कंवर के स्पष्टीकरण बयानों, श्री मनजीत सिंह, परीक्षा सुपरवाईजर, श्री उम्मेदसिंह- केन्द्राधीक्षक, श्री गोमाराम चौहान- ए.सी.एस., श्री विक्रमसिंह, लिपिक ग्रेड-ाा- रीलिवर, श्री राकेश पालीवाल, व्याख्यता-वीक्षक, श्री जगदीश परिहार, व्याख्यता-वीक्षक, सुश्री/श्रीमती अनिता कंवर, अध्यापक लेवल-1 एम.जी.जी.एस. मोहनगढ़-वीक्षक, सुश्री/ श्रीमती किरण बाला, अध्यापक लेवल-1 एम.जी.जी.एस. पुलिस लाईन- वीक्षक, श्री कमलेश कुमार लिपिक गेड-ाा - वीक्षक, श्री नेमाराम-वीक्षक, सुश्री सुमन-वीक्षक, श्री महेन्द्र कुमार व श्री प्रेमाराम, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, श्री मूलाराम व श्री हितेश कुमार-वीडियोग्राफर के बयानों तथा प्रकरण से संबंधित मूल पत्रावली में उपलब्ध अभ्यर्थी मनु कंवर के परीक्षा प्रश्न पुस्तिका, ओ.एम.आर. सीट की कार्बन कॉपी एवं परीक्षा प्रवेश पत्र का भी अवलोकन किया गया।

3. उक्त प्रकरण के संबंध में श्रीमान जिला समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय जैसलमेर के पत्र क्रमांकः-कार्मिक/2026/8846 दिनांक 07.07.2026 के द्वारा परीक्षा केन्द्र 18006- SWAMI

VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS, RAMGARH ROAD, JAISALMER में द्वितीय पारी की उपलब्ध करवाई गई वीडियो फुटेज का जांच कमेटी द्वारा कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर के कम्प्यूटर में चला कर देखा गया। उक्त वीडियों में शिकायत से संबंधित वीक्षक श्री भीमसिंह एवं जालमसिंह की उपस्थिति कक्ष संख्या 03 में प्रदर्शित होना पाया गया जो कि वीक्षकों की परीक्षा केन्द्र में ड्यूटी अनुसार कक्ष संख्या 10 है। वीडियों फुटेज में परीक्षा कक्ष में समय लगभग 03◦09 पीएम पर 01 धोती कुरता एवं पगड़ी पहने हुए एक व्यक्ति एक परीक्षार्थी जो कि महिला है, की सीट पर जाता है एवं उसका परीक्षा प्रश्न पत्र देखकर वापिस चला जाता है। उक्त धोती कुरता एवं पगड़ी धारी व्यकित की पहचान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री महेश बिस्सा द्वारा अध्यापक श्री पदमसिंह होना बताया। वीडियों फुटेज में समय 03.36 पीएम पर उक्त पगड़ी वाला व्यक्ति श्री पदमसिंह अपने हाथ में एक रजिस्टर लेकर उपर उल्लेखित महिला परीक्षार्थी की सीट पर पुनः जाता है एवं अनधिकृत एवं अनुचित रूप से महिला परीक्षार्थी का प्रश्न पत्र लेकर कक्षा से बाहर जाता हुआ वीडियों में नजर आ रहा है। वीडियों में समय 03◦38 पीएम जिस महिला परीक्षार्थी का प्रश्न पत्र श्री पदमसिंह द्वारा लेकर जाना पाया गया उससे दाहिनी और की एक महिला परीक्षार्थी प्रश्न पत्र ले जाने के बारे में पुछती हुई पाई गई। वीडियों में समय 03◦39 पीएम तक महिला परीक्षार्थी जिसका प्रश्न पत्र श्री पदमसिंह द्वारा ले जाया गया वह बिना प्रश्न पत्र के अपनी सीट पर बैठी हुई नजर आ रही है, तत्पष्चात् समय 03◦39 पीएम से समय 03◦48 पीएम तक की वीडियो फुटेज नहीं है। समय 03◦48 पीएम पर जब वीडियों फुटेज पुनः प्रदर्षित हो रही है, उस समय प्रश्न पत्र महिला परीक्षार्थी की टेबल पर होना नजर आ रहा है। वीडियों फुटेज में समय लगभग 03◦58 पीएम पर केन्द्राधीक्षक श्री उम्मेदसिंह का कक्ष में आना नजर आ रहा है।

जांच निष्कर्ष - उक्त गठित जांच समिति द्वारा अभ्यर्थियों की प्राप्त शिकायत के संबंध में दर्ज बयानों एवं इस संबंध में उपलब्ध समस्त आवश्यक दस्तावेजों, इलेक्ट्रोनिक सबूतो एवं अन्य सामग्री का अवलोकन करने पर पाया गया है कि -

राजस्थान कर्मचारी चयन बार्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को आयोजित लिपिक ग्रेड-ाा/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के दौरान परीक्षा केन्द्र 18006- SWAMI VIVEKANANDA GOVT. MODEL SCHOOL, NEAR BSF CAMPUS, RAMGARH ROAD, JAISALMER में द्वितीय पारी के दौरान अध्यापक श्री पदमसिंह द्वारा महिला अभ्यर्थी मनु कंवर रोल नं. 1775156 का परीक्षा प्रश्न पत्र मनु कंवर की सहमति से अनधिकृत एवं अनुचित रूप से उक्त महिला अभ्यर्थी मनु कंवर रोल नं. 1775156 को परीक्षा में नकल कराने के उद्देश्य से परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाने की पुष्टि होती है एवं केन्द्राधीक्षक तथा कक्ष में नियुक्त वीक्षकों की उपस्थिति में इस प्रकार की घटना होने से उनकी भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है।

एसडी पुलिस उप अधीक्षक वृत जैसलमेर, (सदस्य), एसडी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जैसलमेर( सदस्य), एसडी उपखण्ड अधिकारी जैसलमेर(अध्यक्ष)

कार्यवाही पुलिस थाना कोतवाली दिनांक 08/07/2026

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त कार्यालय पत्र मय उपरोक्त मूल जांच प्रतिवेदन, श्रीमान जिला कलक्टर महोदय जैसलमेर के पत्र क्रमांक कार्मिक/2025/राजकाज रेफरेंस संख्या 23250989 दिनांक 06◦07◦2026 द्वारा गठित जांच समिति द्वारा की गई जांच की मूल पत्रावली जिसमें आरोपी छात्रा मनू कंवर के बयान, शिकायतकर्ता अभ्यर्थियों तरुणा खत्री, देदाराम, जेठाराम, योगेन्द्रसिंह, सत्यनारायण के बयान, आरोपी वीक्षक भीमसिंह व जालमसिंह के बयान, रिलीवर आरोपी पदमसिंह के बयान, वीक्षक मंजितसिंह की रिपोर्ट, केन्द्राधीक्षक उम्मेदसिंह की रिपोर्ट, सहायक केन्द्राधीक्षक गोमाराम की रिपोर्ट, अन्य रिलीवर विक्रमसिंह, राकेश पालीवाल के बयान, आंतरिक उडनदस्ता रिपोर्ट द्वारा जगदीश परिहार, अन्य वीक्षक परीक्षा केन्द्र अनिता कंवर, किरण बाला, कमलेश कुमार, नेमाराम, सुश्री सुमन बयान, सहायक कर्मचारी महेन्द्र कुमार शर्मा व प्रेमाराम के बयान, वीडियोग्राफर मूलाराम व हितेश कुमार के बयान, उडनदस्ता रिपोर्ट, आरोपी छात्रा मनू कंवर का प्रश्न पुस्तिका एवं प्रवेश पत्र तथा दो पेन ड्राईव जिसमें परीक्षा केन्द्र की विडियोग्राफी के श्री महेश कुमार बिस्सा पुत्र

श्री कन्हैयालाल बिस्सा, उम्र 54 साल निवासी नवखुणिया, गांधी कॉलोनी जैसलमेर पुलिस थाना कोतवाली जिला जैसलमेर हाल मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जैसलमेर ने उपस्थित थाना होकर पेश की। मजमून रिपोर्ट व जांच प्रतिवेदन से मामला जुर्म धारा 3,10(1),10(2) राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 व धारा 318(4),61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 का वकु में आना पाया जाने पर मुकदमा जुर्म उपरोक्त में पंजिबद्ध कर निर्देशानुसार अनुसंधान हवाले श्री रेवंतदान आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जैसलमेर के किया गया। सीसीटीएनएस पर एफआईआर जनरेट होने पर एफआईआर संख्या नीचे अंकित होगी। एसडी महेश बिस्सा, एसडी सुरजा राम चौधरी निपु थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जिला जैसलमेर।

**13 Action taken** Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
**(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):**

(1) Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):

or (या)

(2) Directed (Name of I.O.): (जाँच अधिकारी का नाम ): Rewant Dan Rank (पद): अपर पुलिस अधीक्षक

No(सं.): to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)

(3) Refused investigation due to (जाँच के लिए) :

or (के कारण इंकार किया, या)

(4) Transferred to P.S.(थाना): District (जिला):

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति निःशुल्क शिकायतकर्ता को दी गई|)

R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)

**14.** Signature/Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):

Signed by: Mahesh Kumar Bissa
Location: Rajasthan,IN
Date: 08/07/2026 14:10:53

Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Signed by: Surja Ram Choudhary
Location: Rajasthan,IN
Date: 08/07/2026 14:09:10

**15.** Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

Name(नाम):SURJA RAM
Rank (पद): I (Inspector)
No(सं.):

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | महिला | 2006 | | | | |
| 2 | पुरुष | 1986 | | | | |
| 3 | पुरुष | 1996 | | | | |
| 4 | पुरुष | 1991 | | | | |
| 5 | पुरुष | 1986 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.

(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)